# चीन के यीवू की तर्ज पर यीडा बनाएगा बिजनेस एंड ट्रेड सेंटर

## ओडीओपी में शामिल उत्पादों को भी मिल सकेगा अंतरराष्ट्रीय बाजार

ग्रेटर नोएडा। चीन के होलसेल मार्केट यीवू की तर्ज पर यमुना सिटी में इंटरनेशनल बिजनेस एंड ट्रेड सेंटर बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यमुना प्राधिकरण (यीडा) ने इस योजना पर काम शुरू कर दिया है। अर्नस्ट एंड यंग को कंसल्टेंट के रूप में इस योजना से जोड़ा गया है। योजना का उद्देश्य चीन को प्रतिस्पर्धा देने के लिए स्थानीय कारोबारियों को प्लेटफार्म देना है। वहीं ओडीओपी योजना में शामिल उत्पादों को भी यहां होलसेल खरीदार मिल पाएंगे।

सीईओ राकेश कुमार सिंह का कहना है कि यमुना एक्सप्रेसवे से सटे औद्योगिक सेक्टर-28 व 29 में इंटरनेशनल बिजनेस एंड ट्रेड सेंटर को प्रस्तावित है। जरूरत पर सेक्टर 30 व 31 में भी इस परियोजना को ले जाया जा सकता है। जिन उद्योगों को वेयरहाउस की जरूरत होगी। उनको भी नजदीक के सेक्टरों में वेयरहाउस के लिए आरक्षित सेक्टरों में जगह उपलब्ध करा दी जाएगी। कंसल्टेंट इस पूरी परियोजना पर एक महीने में रिपोर्ट देगा। यह भी सलाह कंसल्टेंट से मांगी गई है कि इस इंटरनेशनल बिजनेस एंड ट्रेड सेंटर का विकास किस तरह से किया जाए? पीपीपी मॉडल, निजी निवेश और शासकीय योजना तीनों के रूप में विकल्प का आकलन कंसल्टेंट को करना है।

लखनऊ में सीएमी के सामने भी इस परियोजना को लेकर प्रजेंटेशन सीईओ और उनकी टीम ने दिया था। इसमें बताया गया कि कैसे यीवू मार्केट में एक ही जगह पर थोक में सामान की खरीदारी कर सकते हैं? एजेंट की मदद भी यहां ली जा सकती है। इसका सीधा फायदा दूसरे राज्यों के अलावा यूपी व आसपास के राज्यों के उद्यमियों से सामान आयात कराने वाले विदेशी ग्राहकों को भी होगा। इससे बेहतर कारोबारी डील भी स्थानीय उद्यमियों को मिलेंगीं। हमारी योजना है कि एयरपोर्ट पर खरीदार आए, सामान चुने और कार्गो सेवा का उपयोग कर कारोबारी उसे निर्यात कर दें।

### कैसे काम करता यीवू मार्केट

अधिकारियों के मुताबिक यीवू मार्केट छह डिस्ट्रिक्ट में बंटा हुआ है जोकि वृहद आकार के छह बहुमंजिला मॉल की तरह हैं। यहां अलग-अलग उद्यमियों से सामान अपनी मांग के मुताबिक खरीदा जा सकता है। यह सुविधा भी एजेंट के माध्यम से है कि एक कंटेनर सामान आप खरीदें और वह आपको सीधे एक साथ आपके दिए पते पर पहुंचा दिया जाए। बहुत ही किफायती कीमतों में यह सामान यीवू मार्केट आपको उपलब्ध करा देता है। यूवी मार्केट कंज्यूमर गुड्स को किफायती दरों पर होलसेल बिक्री के लिए पहचान बनाया है।

### *यीवू मार्केटः फैक्ट फाइल*

- *यूवी मार्केट चीन के झेजियांग प्रांत में विकसित*
- *कंज्यूमर गुड्स जैसे खिलौने, घरेलू सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद खरीद सकते*
- *अलग केटेगरी के लिए करीब 3.5 लाख वर्गमीटर में अलग-अलग मॉल बना हुआ*
- *अलग-अलग डिस्ट्रिक्ट से खरीदारी कर एक कंटेनर में सामान जुटाने की सुविधा*
- *किसी भी भाषा में खरीदारी करने में एजेंट के माध्यम से सुविधा*
- *सरकार खुद भी इस योजना से जुड़ी जिससे निर्यात में दिक्कत नहीं आए।*